पंजाब में औद्योगिक विकास की दर

2462. **श्री राम जेठमलानी** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन के पहले दो वर्षों के दौरान वहां के औद्योगिक विकास की दर संपूर्ण भारत की औसत दर से कम रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) और (ख) सी० एस० ओ० औद्योगिक उत्पादन की राज्य-वार सूची संकलित नहीं करता । तथापि, कुल मिलाकर देश के औद्योगिक उत्पादन की संपूर्ण सूची के अनुसार, 1987-88 तथा 1988-89 के दौरान विकास दरें क्रमश: 7.3 प्रतिशत और 8.8 प्रतिशत थीं ।

खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा ग्रामीण रोजगार का सृजन

2463. **श्री राम जेठमलानी** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ग्रामीण युवकों को रोजगार देने के लिए खादी ग्रामोद्योग आयोग ने इस वर्ष एक विशेष योजना को कार्यान्वित करने का निर्णय लिया है ;

(ख) निर्धारित लक्ष्य क्या है ; और

(ग) इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम): (क) से (ग) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के सभी कार्यकलापों और योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार मुहैया कराने के अनुकूल बनाया गया है । वर्ष 1988-89 के लिए खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग का रोजगार लक्ष्य 2 लाख व्यक्ति है ।

उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने के लिये आवेदन-पत्र

2464. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में लघु और मझोले पैमाने के उद्योग लगाने के संबंध में पिछले तीन सालों में कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ; और

(ख) उन उद्योगों की संख्या कितनी है जिन्हें आशय-पत्र जारी कर दिए गए हैं और उनका ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम्): (क) 1-1-1986 से 31-5-1989 की अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में मध्यम तथा बड़े उद्योग स्थापित करने हेतु 1148 आवेदन पत्र प्राप्त हुए । इनमें से, 387 आवेदनों का अनुमोदन कर दिया गया है और आशय पत्र मंजूर कर दिए गए हैं । शेष 761 आवेदन पत्रों में से, 516 नामंजूर कर दिए गए हैं अन्यथा निबटा दिए गए हैं तथा 245 आवेदन पत्र प्रक्रिया के विभिन्न अवस्थाओं में हैं । लघु उद्योगों का पंजीकरण राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है ।

(ख) 1-1-1986 से 31-5-1989 की अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में उद्योग स्थापित करने हेतु 478 आशय पत्र जारी किए गए हैं । आशय पत्रों के ब्यौरे भारतीय निवेश केन्द्र द्वारा अपने "मासिक समाचार पत्र" में प्रकाशित किए जाते हैं । इस प्रकाशन की प्रतियां संसद पुस्तकालय को नियमित रूप से भेजी जा रही हैं ।